हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 मनोहरपुर में आंगनबाड़ी में फटा गैस सिलेंडर....



10 अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें



## बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालु तैयार, यात्रा पर जाने से पहले आवश्यक मेडिकल जांच प्रक्रिया प्रारंभ

### 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। यात्रा पर जाने से पहले आवश्यक मेडिकल प्रक्रिया को जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पतला में शुरू किया गया है। हालांकि यात्रा तीन जुलाई के आसपास शुरू होने के आसार हैं। बावजूद इसके यात्रा में जाने के लिए जरूरी मेडिकल की प्रक्रिया को पूरा करवाने के लिए श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए हैं। पिछले तीन दिन में सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने नागरिक अस्पताल पहुंच मेडिकल प्रक्रिया की जानकारी हासिल की है। जबकि 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने तो अपनी मेडिकल प्रक्रिया को पूरा भी करवा लिया है।

#### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए आदेश

स्वास्थ्य विभाग ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू करने के आदेश जारी किए हैं। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होने की संभावना है और नौ अगस्त तक जारी रहेगी। हर बार की तरह इस बार भी सावन माह में श्रावणी मेले के दौरान बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं ने अपनी तैयारियां कर ली हैं। स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद जिला नागरिक अस्पताल में श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू हो गई है। मंगलवार को भी 20 से अधिक श्रद्धालुओं ने चिकित्सा जांच करवाई।

**इन श्रद्धालुओं को अनुमति:** यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की उम्र 14 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। छह सप्ताह या उससे ज्यादा की गर्भवती यात्रा नहीं कर सकती हैं। यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी ऊंचे तक चढ़ाई चढनी होती है तो इसकी वजह सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। इस कारण अस्थमा और फेफड़ों से संबंधित तकलीफ से जूझने वाले श्रद्धालु यात्रा के लिए शारीरिक रूप से फिट नहीं माने जाते हैं।





#### हर दिन दस से 20 श्रद्धालु चिकित्सा जांच के लिए पहुंच रहे : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू है। जिस भी श्रद्धालु को अमरनाथ जाना है, उसके लिए मेडिकल का एक निर्धारित फार्म है। यह चिकित्सा जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही श्रद्धालुओं को चिकित्सा प्रमाणपत्र जारी किया जा रहा है। हर दिन दस से 20 श्रद्धालु चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।

#### यात्रा पर जाने से पहले ये जरूरी

श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट से चिकित्सा जांच करवाने के लिए फार्म डाउनलोड करना होगा। इसके बाद जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फार्म के साथ पासपोर्ट फोटो लगाना होगा। चिकित्सा जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद कमरा नंबर 22 में डिप्टी एमएस के हस्ताक्षर होंगे। जिसके बाद प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके बाद इसे संबंधित बैंक की शाखा में पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए चिकित्सा जांच प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रति होना जरूरी है। मेडिकल के लिए सौ रुपये की पर्ची कटती है। जबकि बैंक में प्रति व्यक्ति पंजीकरण फीस 150 रुपये रखी गई है। इसके बाद बैंक की ओर से यात्रा शुरू करने के लिए तिथि जारी की जाएगी। बैंक में पंजीकरण के दौरान हर व्यक्ति को बायोमीट्रिक निशान देना होगा।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**जींद।** जुलाना के करसोला कट पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त न होने के कारण शव नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जुलाना के करसोला कट पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति घायल हो गया।

### गांव करसोला के पास मिला अधेड़ का शव

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव के पास बनिया वाला तालाब के पास मंगलवार को अधेड़ का शव मिला है। राहगीरों ने सूचना सरपंच और पुलिस को दी। सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया है।

### स्कूटी नहीं दी तो हमला कर किया घायल, केस

**जींद।** सफीदों में स्कूटी ने देने पर युवकों ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चारों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव कालोनी निवासी नरेंद्र ने शिकायत में बताया कि वह स्कूटी लेकर दादा खेड़ा के निकट से गुजर रहा था। उसी दौरान मोहल्ले के ही भारत व उसके साथियों ने उसे रोक कर स्कूटी मांगी थी।

### लाखों रुपये ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** जर्मनी भेजने के सब्जबाग दिखाकर लाखों रुपये ठगी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी कलायत निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ विनोद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि गांव सजूमा निवासी श्रीपाल की शिकायत अनुसार उसका बेटा कुलदीप विदेश जाना चाहता था।

### मां व बेटी संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** पटेल नगर से बच्चे समेत महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटेल नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय पत्नी तथा दो वर्षीय बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### विवाहिता बहन और दो बेटों के साथ हुई लापता

**कैथल।** कस्बा कलायत से एक विवाहिता अपनी छोटी बहन और दो बच्चों के साथ बिना बताए घर से चली गई। इस संबंध में कलायत के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 अप्रैल को उसकी 30 वर्षीय पत्नी उसके चार और दो साल के बेटों तथा 20 वर्षीय बहन के साथ बिना बताए घर से चली गई।

### कालेज के लिए निकली छात्रा लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव बराहखुर्द से कालेज के लिए निकली छात्रा के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बराहखुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी घर से कालेज के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### प्लाट कब्जाने के आरोप में दंपती के खिलाफ केस

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने प्लाट पर कब्जा करने के आरोप में दंपति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पटेल नगर कैथल की मंजू गर्ग ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि संसार और उसकी पत्नी गुड्डी ने उनके पटेल नगर स्थित प्लांट का ताला तोड़कर उसमें खड़े फलदार पौधों को आग लगा दी।



संगरोली में सिरसा ब्रांच नहर पर परिजन गुरमित को ढुंढने का प्रयास करते।

## नहर में डूबे युवक का चौथे दिन भी नहीं लगा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव संगरोली में मामा के घर आए 20 वर्षीय युवक गुरमीत ने शनिवार को गांव के पास से निकल रही सिरसा ब्रांच नहर में छलांग लगा दी थी। एक ग्रामीण ने देख लिया था और उसकी सूचना ग्रामीणों व परिजनों को भी दी थी। जिसके बाद से ग्रामीण व परिवारजन नहर से उसे ढुंढने में लगे हुए थे। जिसकी सूचना प्रशासन को भी दी गई थी। जिसके बाद नायब-तहसीलदार ढांड व थाना प्रभारी ढांड मौके पर भी पहुंचे थे। ग्रामीणों,परिजनों ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी गुहार लगाई थी कि नहर को बंद करवा दिया जाए, ताकि गुरमित को ढूंढा जाए। प्रशासन ने आश्वासन तो दिया गया, लेकिन न तो नहर ही बंद करवाई गई और न ही गोताखोर का इंतजाम किया गया। पहले दिन अधिकारियों ने कहकर कि अब अंधेरा हो गया है, ढुंढने का सर्च अभियान रविवार को चलाया जाएगा। उसके बाद कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। परिजनों की परेशानी निरंतर बढ़ती जा रही है। परिजन अब ग्रामीणों की सहायता से खुद नहर के पुलों पर रस्से बांधकर दिनरात वहां पर बैठे हुए है। परिजनों ने हलका विधायक सतपाल जांबा से भी मदद के लिए गुहार लगाई है। गुरमित के मामा देवीदयाल ने बताया कि उनके परिवार पर पहले ही दुखों को पहाड़ टूटा हुआ है, शुक्रवार को उसके भाई की नहर में डूबने से मौत हो गई थी।

#### परिजन दुःखी

इस घटना से परिवार में दोहरा दुख छा गया है। दरअसल गुरमीत का मामा बंटी (21 वर्षीय) भी चार दिन पहले घर से लापता हो गया था, जिसका शव शनिवार को करनाल व पानीपत क बीचे नहर से बरामद हुई थी। शनिवार को ही बंटी का अंतिम संस्कार किया गया और उसी शाम गुरमीत के नहर में डूबने की खबर सामने आई।

### सीएम फ्लाइंग ने कार्यालय पर मारा छापा तो फूटा कार्यशैली का भंडा

## 498 ने किया लोन के लिए आवेदन महज बत्तीस नागरिकों को मिला लाभ

#### गरीबों की योजनाओं पर कुंडली मारे बैठा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम

### विभाग से गरीब तबके के लोगों के लिए संचालित 72 तरह की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विभाग का नाम हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम, जिसका काम जरूरतमंद गरीबों का उत्थान करना लेकिन विभाग कर्मी तथा अधिकारी उन्हीं गरीबों की सरकारी योजनाओं पर कुंडली मार कर बैठ गए। विभाग कार्यशैली का भंडा उस समय फूटा जब मंगलवार को सीएम फ्लाइंग ने विभाग के कार्यालय पर छापा मारा। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन शर्मा ने किया। जब विभाग के रिकार्ड को खगांला गया तो 498 आवेदनों में से 366 आवेदन पैंडिंग मिले। 21 आवेदन ऐसे मिले जिनको रिकार्ड में दर्ज नही किया था। काफी समय से आवेदन धूल फैंक रहे थे। 51 आवेदन मंजूर मिले, पूरे साल में महज 32 लोगों को योजना का लाभ मिला पाया गया। 81 आवेदन को रिजेक्ट करना पाया गया। सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी गई है। आगामी कार्रवाई हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम द्वारा अमल मे लाई जाएगी।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से जरूरतमंद तथा गरीब लोगों को मिलने वाली सरकारी योजना का लाभ नही मिल रहा है। विभाग जरूरतमंद तथा गरीब लोगों को अपनी आजीविका चलाने के लिए लोन दिलाता है लेकिन लोगों को लाभ नही मिल रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, चरण सिंह, विजेंद्र, रणधीर सिंह, कर्मबीर, भगवान सिंह की संयुक्त टीम गठित की गई। जिसकी कमान खुद डीएसपी पवन शर्मा ने संभाली। टीम में जिला समाज कल्याण अधिकारी नरेंद्र को भी शामिल किया गया। टीम ने कार्यालय में दस्तक के साथ रिकार्ड कब्जे में ले लिया और उसे खंगाला। छानबीन में सामने आया कि विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत गरीब लोगों को 72 तरह के लोन दिलाए जाते हैं ताकि वे लोग अपना जीवनयापन कर सकें। रिकार्ड को खंगालने पर सामने आया कि विभाग को 498 आवेदन मिले। जिसमें से केवल 51 आवेदन मंजूर हुए। लाभ महज 32 लोगों को मिला। 19 आवेदकों को लोन तो मजूर हुआ लेकिन बजट नही मिला। 366 आवेदन पैंडिंग पाए गए। 81 आवेदनों को रद्द कर दिया गया। जबकि 21 आवेदन ऐसे मिले, जिनको रिकार्ड में नही चढाया गया था और काफी समय से धूल फैंक रहे थे। टीम ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है।



जींद। कार्यालय में खामियों की जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य।

#### मकान में चल रहा कार्यालय

जरूरतमंद लोगों की जीवन उत्थान करने वाला हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम का कार्यालय किसी सार्वजनिक स्थान पर न होकर शिव कालोनी में मुख्य रास्ते पर न होकर एक गली के काफी अंदर किराये के मकान में चल रहा है। इसी कार्यालय से जरूरतमंद लोगों को 72 तरह की योजनाओं पर लोन दिया जाता है। विभाग के जिला प्रबंधक के पास भी छह जिलों का कार्यभार है। जबकि दो लिपिक तथा दो चतुर्थ श्रेणी कर्मी एक अस्थायी कंपूटर आपरेटर कार्यालय में है। जिस तरह से एकांत में कार्यालय चल रहा था। योजनाओं को लाभ लोगो को कैसा मिल रहा है। इसका अंदाजा साफ लगाया जा सकता है।

#### काफी खामियां मिली

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन ने बताया कि विभाग कार्यालय का निरीक्षण के दौरान काफी खामियां पाई हैं। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजी गई है। आगामी कार्रवाई सबधित विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।

## सफीदों के एसडीएम अस्पताल में भर्ती उनके नाम से जारी कर दिए दो प्रैस नोट

- लोक संपर्क विभाग जींद का अजब कारनामा सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

लोक संपर्क विभाग जींद का अजब कारनामा सामने आया है। एक तरफ तो सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर बेसुध अवस्था में पानीपत के निजी अस्पताल दाखिल हैं, वहीं दूसरी ओर जिला लोक संपर्क विभाग द्वारा उनके नाम से दो प्रैस नोट जारी कर दिए गए। इससे लोक संपर्क विभाग की लापरवाही साफ नजर आती है। गौरतलब है कि सात अप्रैल की देर सायं एसडीएम पुलकित को बाइक सवार युवकों ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उन्हें बेसूध अवस्था में पानीपत के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया । वे अभी बयान देने की हालत में भी नहीं हैं लेकिन विभाग ने मंगलवार को उनके नाम से सरकार की योजनाओं के प्रैस नोट मीडिया को जारी कर दिए गए। एक प्रैस नोट में तो एसडीएम की तरफ से जानकारी दी कि सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन लघु सचिवालय में किया जाएगा। प्रैस नोट में एसडीएम की ओर से अधिकारियों को निर्देश देते बताया कि वे अपने विभाग से संबंधित आने वाली लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए ब्यौरा अपडेट लेकर आएं और समस्या के समाधान उपरांत रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें। वहीं दूसरे में एसडीएम की तरफ से कहते दिखाया गया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का ऑनलाइन पंजीकरण के बाद लाभ मिलेगा और यह योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके अलावा इस प्रैस नोट में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा की ओर से इस योजना के बारे में पूरी डिलेट बताते हुए दिखाया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में 12वीं की छात्रा की मौत

**जींद।** गांव ढिगाना में 12वीं कक्षा की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव मंगलवार को घर में ही फंदे पर लटकते मिला। पता चलने पर परिजनों ने उसे नीचे उतारा और नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। क्योंकि आईओ धर्मबीर सिंह पोस्टमार्टम फॉर्म भूल आया। जब परिजनों ने पोस्टमार्टम न होने का कारण पूछा तो वह बदतमीजी से पेश आया। बोला कि बुधवार को हो जाएगा पोस्टमार्टम। परिजन शाम तक पोस्टमार्टम होने का इंतजार करते रहे लेकिन पोस्टमार्टन नहीं होने से वह शाम को लौट गए। ढिगाना गांव में 18 वर्षीय 12वीं कक्षा की छात्र फंदे पर लटके मिली। परिजन जब मकान के अंदर गए तो पंखे पर चुन्नी से लटकी हुई थी। आनन-फानन में नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## कानून में किए संशोधन के विरोध में खाद-बीज विक्रेताओं ने रखी हड़ताल

- संशोधन के विरोध में सात दिन की हड़ताल का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कानून में किए गए संशोधन के विरोध में जिले में भी दूसरे दिन खाद व बीज विक्रेताओं की हड़ताल जारी रहने से दुकानें बंद रही। बता दें कि पेस्टिसाइड फर्टिलाइजर सीड्स की एसोसिएशन ने राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर कानून में किए गए संशोधन के विरोध में सात दिन की हड़ताल का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में एसोसिएशन के सदस्यों ने मंगलवार को भी जींद रोड स्थित अग्रसेन धर्मशाला में बैठक की और सरकार के खिलाफ रोष जताया। जिला प्रधान विकास कुमार ने कहा कि सरकार उनके साथ धक्का शाही कर रही है। इसलिए उनका विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। बताया कि दूसरे दिन भी बैठक में फैसला लिया गया है कि आगामी छह दिन तक जिले में कोई भी पेस्टिसाइड सीड दुकानदार नए बनाए गए कानून के विरोध में दुकान नहीं खोलेगा।




कैथल। संशोधन के विरोध में बंद पड़ी खाद व बीज विक्रेताओं की दुकानें।

### चौदह को अधिक से अधिक संख्या में हिसार पहुंचने का आह्वान

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर : मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व जवाहर सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 14 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में हिसार पहुंचे। बैठक को संबोधित करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि आर्थिक विकास के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। डिजिटल योजनाओं जैसी माध्यम से देश सशक्त हो रहा है। आज भारत विश्व की सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। अगर हम देखें तो हमारे देश को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबसे ज्यादा मजबूती मिली है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता मजबूत हैं। आज उन कार्यकर्ताओं को बुलाया है, जिन्होंने भाजपा के सदस्य बनाए थे।




जींद। बैठक में मंच पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष व डा. मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

#### जनकल्याणकारी नीतियां बताई

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाने का काम किया है। जहां भी बैठक हो, वहां बता सकें वहां भारत की उपलब्धियां को बताया जा सके। इसी प्रकार से सफीदों में भी बैठक होगी। 14 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आ रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे।

## फरल में व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव फरल में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने इस संबंध में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव काछवा जिला करनाल के दीपक ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका बड़ा भाई निरंजन दास पिछले करीब 20 सालों से रविदास मंदिर फरल में गद्दी पर बैठा हुआ था। उसने बताया कि वह भी प्रतिदिन गुरु रविदास मंदिर में आता जाता है। वह पिछले तीन दिन से मंदिर में था। 7 अप्रैल को उसका भाई निरंजन दास कमरे में था तो उसे निरंजन दास द्वारा उल्टी करने की आवाज सुनाई दी। जैसे ही उसने दरवाजा की जाली तोड़कर दरवाजा खोला तो उसने बताया कि राजौंद के गुरमीत द्वारा बार-बार पैसे मांगने तथा उसे झूठे आरोप लगाने को लेकर उसने जहरीला पदार्थ ले लिया है। उसने बताया कि उसने गुरमीत के पैसे भी दे दिए थे लेकिन इसके बावजूद ह उसे परेशान करता था। उसे कैथल के एक निजि अस्पताल में लाया गया जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुंडरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरभान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स वेलफेयर यूनिट ने किया मांगों पर मंथन

**जींद।** जाट धर्मशाला में पेंशनर्स वेलफेयर यूनिट की बैठक में लंबित मांगों को लेकर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र गुप्ता और महेंद्र जागलान ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन धर्मवीर सैनी ने किया। नरेंद्र गुप्ता और महेंद्र जागलान ने बताया कि पैंशनर्स की मुख्य मांगों में कोरोना काल का 18 मास का वेतन देना, कोमोटेशन की राशि पैंशनर्स की 12 वर्ष से अधिक काटी जा चुकी है।

### युवा मंडल कंडेला ने चलाया सफाई अभियान

**जींद।** युवा मंडल कंडेला ने सफाई अभियान चलाकर 100 से ज्यादा पेड़ व पौधों की साफ-सफाई की और पानी डाला। प्रधान सोनू कंडेला ने कहा कि पेड़ पौधे जीवन का आधार हैं। आजकल के इस मौसम में बहुत से छोटे पौधे गर्मी की वजह से समाप्त हो रहे हैं। इसलिए युवा मंडल की मुहिम है कि गांव में कोई भी पौधा पानी के बिना नहीं सूखे। युवा मंडल नियमित रूप से पौधों में पेयजल डाल रहा है।

### खेत में कमरे से इन्वर्टर बैटरी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव लिजवाना कलां खेतों में बने कमरे का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लिजवाना कलां निवासी राजकुमार ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### कानून के खिलाफ दुकाने रखी बंद

**नरवाना** दवाई बीज विक्रेताओं ने दुकाने रखी बंद और किया धरना प्रदर्शन। एसो के प्रधान देवी राम गर्ग ने बताया कि ने सरकार बनाने में सहयोग किया सरकार ने उनके खिलाफ कानून बनाने काम किया। प्रैस प्रवक्ता ओम दत्त शर्मा ने बताया कि उनका कार्यक्रम जिला अध्यक्ष पवन से बैठक कर सिरसा जाने का है वहां के विक्रेताओं से सलाह मशविरा कर पूरे हरियाणा में अलख जगाने का कार्यक्रम है।

### सभी सुनहरी दिखने वाली चीज सोना नहीं होती: खर्ब

**जींद।** राजकीय विद्यालयों के शिक्षक प्रदेश स्तर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की राह पर समाज के आखिरी कोने पर बैठे बच्चे तक फ्री एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचने के लिए दाखिला अभियान के दौरान घर-घर पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में संघ के प्रतिनिधि राजेश खर्ब ने ग्रामीण छात्र अभिभावकों के साथ शिक्षकों से भी अनुरोध किया।

### रसोई गैस के दामों में वृद्धि पर जताया रोष

**जींद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने फिर से रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपये और पैट्रोल व डीजल पर दो रुपये अधिभार लगाकर लोगों के ऊपर महंगाई का और बोझ बढ़ा दिया है। जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि हरियाणा विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को 500 रुपये में रसोई गैस का सिलेंडर देने का वयदा किया था। परंतु अब मोदी सरकार ने इसके उलट फैसला लिया है।

### महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**सफीदों।** श्री श्याम कृपा सेवा समिति की एक बैठक नगर की पुरानी अनाज मंडी में संपन्न हुई। अध्यक्षता संस्था के प्रधान पुनित मंगला ने की। काफी तादाद में संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। बैठक में आगामी 17 मई को पुरानी अनाज मंडी में मनाए जा रहे छठे श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### विद्यार्थियों को स्पेशल व मर्सी चांस देने की मांग

**जींद।** सीआरएसयू में एबीवीपी ईकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि जींद यूनिवर्सिटी से एबीवीपी द्वारा बहुत बार मांग कर चुकी है कि छात्रों का साल बर्बाद नहीं होए इसलिए उनको स्पेशल चांस और मर्सी चांस दिया जाए लेकिन यूनिवर्सिटी द्वारा इसके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

---

### घटना के दौरान दर्जनभर बच्चे आंगन में खेल रहे थे

# मनोहरपुर में आंगनबाड़ी में फटा गैस सिलेंडर, बड़ा हादसा टला

### बच्चों समेत सभी के सुरक्षित मिलने पर ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**हैल्पर रसोई में चूल्हे पर खाना रख बाहर आंगन में आई थी बच्चों के पास**

हरिभूमि न्यू ▶▶| जींद

जांच करते पुलिस के जवान





गांव मनोहरपुर में मंगलवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया। जब आंगनबाड़ी में बच्चों का खाना तैयार करने के दौरान गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। गनीमत यह रही कि उस दौरान खाना बनाने वाले कमरे में कोई मौजूद नही था। घटना के दौरान दर्जनभर बच्चे बाहर आंगन में खेल रहे थे। जबकि हैल्पर चूल्हा जला कर बाहर बच्चों के पास आ गई थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। गांव मनोहरपुर पंचायत घर के पास बनी आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए खाना तैयार करने के दौरान गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। घटना के दौरान आंगनबाड़ी हैल्पर गैस चूल्हे पर सब्जी रख कर बाहर आंगन में खेल रहे दर्जनभर बच्चों के पास आ गई। आंगनबाड़ी वर्कर अंजू भी उस दौरान बाहर बैठी थी। उसी दौरान खाना बनाने वाले कमरे में जोरदार धमका हुआ। खाना बनाने का सामान बाहर जा गिरा। वहां रखा राशन भी काफी दूर तक बिखर गया। धमका के साथ वर्कर, हैल्पर व दर्जनभर बच्चे बाहर गली में आ गए। धमाके की आवाज सुन कर आसपास के लोग तथा बच्चों के अभिभावक मौके पर पहुंच गए और आंगनबाडी में मौजूद बच्चों हैल्पर, वर्कर को सुरक्षित पाकर राहत की सांस ली। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सिलेंडर को चार दिन पहले की लगाया था। वर्कर मंजू ने बताया कि अंदर बच्चों के लिए खाना तैयार हो रहा था। वह बच्चों के साथ बाहर आंगन में थी। हैल्पर गैस चूल्हे पर खाना बनना छोड़ कर बाहर आंगन में ही आई थी कि उसी दौरान जोरदार धमका हुआ। जिसके साथ कमरे से आग की लपटें भी बाहर निकली। आंगनबाड़ी में मौजूद बच्चों समेत सभी के सुरक्षित होने पर भगवान का शुक्रिया जताया।

#### कोई जनहानि नही

सदर थाना प्रभारी डा. सुनील कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फट गया था। किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई। सूचना के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

---

# पंचायत अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

- सरपंच एसोसिएसन अलेवा ने की फायर ब्रिगेड की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



**अलेवा।** ज्ञापन सौंपते एसोसिएसन अलेवा के पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

गेहूं फसल पकाई को ध्यान में रखते सरपंच एसो ब्लॉक अलेवा के पदाधिकारियों ने एसो ब्लॉक प्रधान राममेहर बधाना व ब्लॉक समिति चेयरमैन राहुल की अध्यक्षता में ब्लॉक में फायर बिग्रेड की मांग को लेकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा के नाम ज्ञापन सौंपा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा के नाम सौंपे ज्ञापन में सरपंच एसोसिएसन ब्लॉक के पदाधिकारियों ने कहा कि अभी फसल पक कर तैयार हो चुकी है लेकिन ब्लाक अलेवा में कोई फायर बिग्रेड की गाड़ी नहीं है। आगजनी की घटना होने पर जींद या फिर आसपास के जिलों से फायर बिग्रेड की गाड़ी को मंगवाना पड़ता है। जिससे फायर बिग्रेड की कमी से हर साल आगजनी की घटनाएं घट जाती है। सरपंच एसोसिएसन ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा के माध्यम से जिला प्रशासन तथा सरकार से नगूरां तथा अलेवा कस्बे में एक-एक फायर बिग्रेड गाड़ी खड़ी करने की मांग की है ताकि आगजनी की घटना पर तुरंत काबू पाया जा सके। इस अवसर पर नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, नीरज, संदीप, सोनू, सरपंच राजेश, लक्ष्य, हितेश के अलावा अनेक गांव के सरपंच उपस्थित थे।



मॉडलों का निरीक्षण करते सतीश शर्मा व उनकी टीम। *फोटो :हरिभूमि*

#### पार्क का किया दौरा

**सफीदों।** राजकीय वमावि त्योरा के प्राचार्य सतीश शर्मा ने टीम के साथ राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सफीदों का दौरा कर यहां पर स्थापित विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पार्क में प्रदर्शित विभिन्न शैक्षणिक मॉडलों और छात्रों द्वारा तैयार की थीम आधारित प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के प्रयास छात्रों में जिज्ञासा और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देते हैं। प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के पार्क विद्यार्थियों के लिए प्रयोगात्मक शिक्षा का बेहतरीन माध्यम हैं। जीएमएसएसएस सफीदों की टीम का समर्पण और दूरदर्शिता वास्तव में प्रशंसनीय है। दौरा रूकून के शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बना, जो नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं।

### मंडियों में सरसों सुखाकर लाएं किसान : एडीसी

**जींद।** रबी सीजन के तहत जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गत दिवस तक जिले में कुल 2612.8 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिनमें से 2171.7 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है। शेष लिफ्टिंग कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। एडीसी ने खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिससे मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक सुचारू रूप से जारी रह सके।

---

### मांग को लेकर आक्रोश प्रदर्शन 11 को

**जींद।** लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन द्वारा रेट बढ़ोतरी की मांग को लेकर 11 को आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें जिलाभर के भट्ठों से हजारों मजदूर बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए यूनियन के जिला प्रधान सुरेश करसोला व कोषाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि लंबे अरसे से भट्ठा मजदूरों का रेट नहीं बढ़ रहा। मजदूरों को बहुत काम रेट में काम करने पर मजबूर होना पड़ता है। यूनियन मांग करती है कि मजदूरों की मजदूरी में वृद्धि, पीने का साफ पानी, भट्ठा पाठशाला, बिजली, राशन का उचित प्रबंध हो। यूनियन के नेताओं ने बताया कि भट्ठा मजदूर कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं लेकिन उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिलता। भट्ठा मजदूरों को अक्सर बहुत कम मजदूरी दी जाती है। जो उनकी मेहनत के अनुपात में नही होती। सुरक्षा उपकरणों की कमी और दुर्घटनाओं का खतरा उनकी जान को जोखिम में डालता है।



**जींद।** मजदूरों से संपर्क साधते यूनियन नेता। *फोटो :हरिभूमि*



नगूरां के आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं को जागरूक करती सुपरवाइजर सरोजबाला।

### पोषण माह पखवाड़े का शुभारंभ

**अलेवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा द्वारा नगूरां गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर मंगलवार को पोषण माह पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास अलेवा की सुपरवाइजर सरोजबाला ने की। इस दौरान महिलाओं को पोषण माह पखवाड़े के तहत जागरूक करने के अलावा शपथ दिलाई गई। महिलाओं को जागरूक करते हुए सुपरवाइजर सरोजबाला ने कहा कि पोषण माह पखवाड़े के तहत आठ से 22 अप्रैल तक प्रभात फेरी, मिटिंगों के अलावा अन्य माध्यमों से महिलाओं तथा बच्चों को जागरूक किया जाएगा। सुपरवाइजर ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना है।

### प्लेसमेंट कैंपस में 28 छात्राओं का चयन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य अनिल गोयल की अध्यक्षता में शिक्षुता व प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया गया। इस कैंपस में राजस्थान के शहर नीमराना की कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने भाग लिया और छात्राओं के चयन के लिए इंटरव्यूह प्रक्रिया संपन्न की। उन्होंने बताया कि कैंपस में विभिन्न ट्रेडों की 37 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिनमें से कंपनी ने अपनी चयन प्रक्रिया के आधार पर 28 छात्राओं का चयन किया। हीरो मोटोकॉर्प ने चयनित छात्राओं को परफॉर्मेंस के आधार पर वेतन वृद्धि का अवसर देने की भी घोषणा की। प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने सभी चयनित छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्लेसमेंट कैंपस छात्रों के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**जींद।** भाग लेते हुए छात्र। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** व्याख्यान में भाग लेते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय बांधाओं को तोड़ो हौसला नही, शोषण के खिलाफ खड़े हो जाओ रहा। व्याख्यान का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने एवं संयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. सुषमा हुड्डा ने किया। विस्तार व्याख्यान की मुख्य वक्ता डा. गीता गुप्ता ने छात्राओं को बताया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों से महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा एवं अन्य अपराधों के मामलों में वृद्धि हुई है। भारत का लिंगानुपात भी अन्य देशों के मुकाबले कम है। किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए डा. गीता ने महिलाओं का शिक्षित आत्मनिर्भर एवं अधिकारों के प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। व्याख्यान में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---



**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि की रजिस्ट्रार के साथ मौजूद नीतीश कुमार।

### नीतीश को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा

**जींद।** हरियाणा फिल्म महोत्सव.2025 में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के जनसंचार विभाग के विद्यार्थी नीतीश कुमार के वृत्तचित्र सेवा परमो धर्म को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि जनसंचार विभाग के विद्यार्थी आज विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं और लगातार विभिन्न महोत्सव में पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजमेर सिंह ने बताया कि हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 का आयोजन सीने फाउंडेशन हरियाणा के द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में करवाया गया था। जिसमें नीतीश द्वारा बनाए वृत्तचित्र सेवा परमो धर्म को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी

- मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए तालाबों में डाली गंबूजिया मछली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



नगूरां गांव के तालाब में गम्बूजिया मछली डालती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही मलेरिया, डेंगू बीमारी अपने पांव पसारना शुरू कर देती हैं। मलेरिया डेंगू बुखार मच्छरों के काटने से होता है। इसी कड़ी में जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार गांव नगूरां में बने तालाब में मच्छरों के बढते प्रकोप को रोकने के लिए मंगलवार को पीएचसी नगूरां के स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी संजय कुमार आदि ने गम्बूजिया मछली डाली, ताकि वेक्टर बोर्न बीमारियों पर नियत्रंण पाया जा सके। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि गम्बूजिया मछली की खास बात ये है कि ये पानी में मौजूद मच्छरों के लारवा को चट कर जाती है।

जिससे मच्छरजनित रोगों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जनता को जागरूक करने के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहते हैं। जिसमे घर-घर जाकर लोगो को मलेरिया डेंगू बुखार से बचाव, सावधानियां व उपचार बारे जनता को पम्पलेट बांटकर, होर्डिंग्स लगाकर, नुक्कड़ नाटकों, नुक्कड़ सभाओं द्वारा जागरूक किया जाता है। बुखार के मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाकर उनको लैब में टेस्ट हेतू भेजते हैं व मौके पर उचित उपचार देते हैं।



**जींद।** मांगों को लेकर नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### एसई के खिलाफ की नारेबाजी

**जींद।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर यूनिट प्रधान राकेश ईक्कस के नेतृत्व में बिजली कर्मियों ने एसई की कार्यशैली को लेकर नारेबाजी की। बैठक का संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। यूनिट प्रधान ने कहा कि अधीक्षक अभियंता जींद के खिलाफ जोन कार्यालय पर अब रोजाना दो घंटे के बजाए पूरा दिन धरना प्रदर्शन किया जाएगा और सर्कल कमेटी के साथ जो नकारात्मक रवैया अपनाया गया है, उससे संगठन की गरीमा को ठेस पहुंची है। अधीक्षक अभियंता कर्मचारियों की समस्याओ का समाधान करने की बजाए प्रताड़ित करने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए यूनियन सर्कल सचिव जींद को जो पत्र लिखे हैं, उनकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा की जाती है। अधीक्षक अभियंता के सरकार द्वारा बनाई गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

---

### लक्ष्य किड्स प्ले स्कूल दनोदा में वार्षिक महोत्सव

# अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना उपमंडल दनोदा गांव के लक्ष्य किड्स प्ले स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनयन खाप के सिरमौर प्रधान जी चौधरी रघुवीर सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की इस अवसर पर स्कूल संचालक कैप्टन राम मेहर सिंह नैन ने बताया कि भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के उपरांत उनका एक ही सपना था गांव में बेहतर शिक्षा बच्चों को उपलब्ध करवाना । इस उद्देश्य को लेकर व्यक्ति 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं ।



इसके लिए उन्होंने सैनिक कंप्यूटर सेंटरए सैनिक कोचिंग सेंटरए मानवीता लाइब्रेरी एऔर अब लक्ष्य किड्स प्ले स्कूल के माध्यम से गांव में आसपास के क्षेत्र में बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से लगातार काम कर रहे हैं । उनके द्वारा चलाए गए संस्थानों से हजारों बच्चे नौकरियां प्राप्त कर चुके हैं व अपना भविष्य संवार चुके हैं । उनके द्वारा चलाए जा रहे सभी शिक्षण संस्थान नो प्रॉफिट नो लॉस पर चलाए जा रहे हैं।

#### ये रहे मौजूद

मुख्य रूप से सूधन राम फौजी , सरपंच प्रतिनिधि दनोदा कला वकील,सरपंच प्रतिनिधि दनोदा खुर्द जितेंद्र,पूर्व सरपंच दनोदा कला कृष्ण,धूप सिंह फौजी ,स्कूल स्टाफ से मैडम मुकेश, नीलम, रिंकू सोनिया, सीमा, वर्षा, रेनू आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

।इस अवसर पर सर्वजातीय बिनैण खाप प्रधान श्री रघुवीर सिंह जी ने स्कूल व संस्था संचालक कैप्टन राममेहर सिंह नैन की प्रशंसा करते हुए बताया कि कप्तान साहब बड़े ही कर्मठ व सामाजिक व्यक्ति हैं । जिन्होंने सेना में रहते हुए देश की सेवा की और अब सेवा निवृत होने के उपरांत युवाओं को शिक्षा देकर समाज सेवा कर के बड़ा ही नेक व सराहनीय काम कर रहे हैं । प्रधान ने उपस्थित अभिभावकों से अपील की बच्चों को अच्छे संस्कार दें और बच्चों को पश्चिमी सभ्यता से बचा कर रखें । लक्ष्य किड्स प्ले स्कूल दनोदा के मेधावी बच्चों द्वारा रंगारंग व शिक्षाप्रद कार्यक्रम दिखाए गए खासकर मोबाइल के दुष्प्रभाव के ऊपर वह पर्यावरण व वृक्षों को बचाने को लेकर दिखाए गए कार्यक्रम बड़े ही शिक्षाप्रद व समाज को सीख देने वाले थे।



**जींद।** कार्यवाहक सीएमओ के साथ बैठक करते एनएचएम कर्मचारी।

### एनएचएम कर्मी की सीएमओ के साथ बैठक

**जींद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों ने मांगों को लेकर डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम से मुलाकात की। बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का समाधान करना था। गौरव सहगल ने बताया कि आरटीएस कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश को लेकर कर्मचारियों की मांग को स्वीकार करते यह निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश को एक या दो दिन रिवाइज्ड रोस्टर बनाकर लागू कर दिया जाएगा। हड़ताल अवधि का वेतन तैयार है और बजट उपलब्ध होते ही तुरंत कर्मचारियों के खातों में डाल दिया जाए। कर्मचारियों के स्टेशन संबंधित मामले के समाधान के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें यूनियन के प्रतिनिधि के रूप उकुलदीप आर्य भी शामिल होंगे। कर्मचारियों का अनुबंध नवीनीकरण पर उनका अनुबंध नवीनीकृत करते जल्द ही इन कर्मचारियों को ज्वायन करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गांव काकौत में नाजायज कब्जा हटवाया

**कैथल।** जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी कंवर दमन ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत काकौत में केस वाद संख्या नंबर 70/एसडीओ में माननीय न्यायालय के आदेश 30 सितंबर 2021 की अनुपालना मे निशानदेही की रिपोर्ट अनुसार पंचायती भूमि से नाजायज कब्जा हटाकर ग्राम पंचायत काकौत के हवाले कर दिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान कानूनगो व पटवारी के द्वारा निशान लगाए गए और ग्राम पंचायत के द्वारा पोल/खंभे व तार लगाकर कब्जा हटवा दिया गया। यह कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न की गई।

### संविधान सभा कार्यक्रम का किया आयोजन

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पूण्डरी में संविधान सभा का सालाना कार्यक्रम के तहत अप्रैल माह की गतिविधियां आयोजित की गई। 28 अप्रैल 1947 को भारतीय संविधान सभा में रियासतों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया जो कि भारतीय संविधान के निर्माण का मजबूत आधार बनी। इस अवसर पर डा. सुभाष तंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की रियासतों के प्रतिनिधियों ने जैसे ही संविधान सभा में शामिल होने की घोषणा की एक मजबूत संविधान बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ और कहां की हम सब डा. बी आर अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की उन्नति में अपना योगदान दे सकते हैं। डॉ अंबेडकर ने संविधान के निर्माण में जो योगदान दिया है वह हम सबके लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

### टूटी सड़क बनी परेशानी लोगों ने जताया रोष

**राजौंद।** राजौंद के असंध कैथल मुख्य मार्ग पर टूटी हुई सड़क के कारण आए दिन जाम लगना आम बात होती जा रही है। लेकिन इस सड़क की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। इसका खामियाजा दुकानदारों व आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क पर ट्रैफिक कब जाम हो जाए, इसका कोई टाइम नहीं है। सड़क पर बने गड्ढों में जब भी कोई वाहन फस जाए तो वाहनों लंबी लाइनें लग जाती हैं।

### पशुओं को ले जा रहे चार आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** 2 कैंटरो में पशुओं को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पूर्वक लदान करके ले जा रहे 4 आरोपी थाना ढांड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए है। उनके कब्जे से 47 पशुओं को रिहा करवाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ढांड पुलिस के एएसआई सुरेश की टीम पंचमुखी चौक ढांड के पास मौजूद थी। 2 आयशर कैंटर बड़ी तेज रफ्तार व लापरवाही से आते दिखाई दिए। टीम ने कैंटरो पर रुकवाया गया। दोनों कैंटरो में डाला बॉडी के अंदर एक-एक व्यक्ति हाथ में डंडा लिए मारपीट करता पाया गया। कैंटर में पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान हुसनपुर कलां जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी कादिर तथा दुसरे कैंटर में पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान जिला मुजफ्फरनगर युपी के गांव तावली निवासी मोहम्मद फुरकान के रुप में हुई।

### सूट चोरी मामले में दो महिला गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत स्थित एक कपड़ा दुकान से सूट चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई मनोज कुमार की टीम द्वारा करते हुए महिला आरोपी हांसी निवासी सोनिका व सुमित्रा को जखोली अड्डा कैथल से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि कलायत निवासी अनिल की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी कलायत में कॉस्मेटिक व कपड़े की दुकान चलाती है। 31 मार्च की दोपहर अज्ञात द्वारा उनकी दुकान से करीब 30 सुट चोर कर लिए गए थे।

---

### उपायुक्त ने लघु सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# शिक्षा की अलख जगाने के लिए गांव-गांव जाएगा प्रवेशोत्सव रथ

**सभी राजकीय विद्यालय में दाखिला प्रक्रिया एक अप्रैल से आरंभ हो चुकी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति लघु सचिवालय से प्रवेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते।

सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों के दाखिले को लेकर डीसी प्रीति ने मंगलवार को शिक्षा विभाग की ओर से शुरू किए गए प्रवेशोत्सव रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विभाग द्वारा दाखिला प्रक्रिया को लेकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अभियान चला हुआ है। सभी राजकीय विद्यालय में दाखिला प्रक्रिया एक अप्रैल 2025 से आरंभ हो चुकी है। जिसके तहत सरकारी विद्यालयों में दाखिला अभियान की प्रक्रिया को ओर तेज करने के लिए ही इस प्रवेशोत्सव रथ की शुरूआत की गई है। शिक्षा विभाग का यह रथ सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने एवं शिक्षा की अलख जगाने गांव-गांव जाएगा। सबसे पहले उन गांव में जाएगा, जहां पर सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या कम है।

डीसी प्रीति ने इस अवसर पर कहा कि कैथल जिला में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह रथ जिले के सरकारी विद्यालयों में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करेगा तथा जिले के सरकारी स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों की उपलब्धियां को भी जनमानस के बीच लेकर जाया जाएगा। इसके माध्यम से बताया गया है कि कैसे सरकारी स्कूलों के बच्चों ने उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकारी स्कूलों में कौन-कौन सी सुविधाएं दी जा रही हैं। हमें लोगों से उम्मीद है कि वे अपने बच्चों सरकारी स्कूलों में पढ़ाएंगे। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इसके लिए पूरा रूट प्लान तैयार किया गया है। प्रवेशोत्सव रथ पहले दिन गुहला के कई गांवों में पहुंच लोगों को जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाना बहुत जरूरी है। सरकारी स्कूलों में अच्छे स्तर की शिक्षा दी जाती है। आमजन अपने बच्चों को उत्कृष्ट एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए उनका दाखिला सरकारी स्कूल में करवाएं। उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों के शिक्षा के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया**

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागाट ने समाजसेवी अश्वनी प्रवेश बंसल चेरिटेबल ट्रस्ट का इस कार्यक्रम में सहयोग करने पर विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के लिए कुशलपाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं इसे सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधीक्षक सुरेश कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार, बलबीर कश्यप, संजय शर्मा, नरसी राम, एपीसी बलजीत सिंह, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, डाइट कार्यालय से यशपाल, शीशपाल, मकेंद्र सिंह, दलबीर नैन, सुशील कुमार, विजय चावला, विनोद आर्य, अरुण कुमार, रूपा शर्मा, विजय कुमार, मुकेश कुमार, अनिल भारती, नरेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

---



**कैथल।** जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी के साथ किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र।

## पीएम मोदी एयरपोर्ट का शुभारंभ कर नया इतिहास लिखने का काम करेंगे : संगरौली

- प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा हैं। 14 अप्रैल को हिसार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट का शुभारंभ करके नया इतिहास लिखने का काम करेंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश का विकास के मामले में नक्शा बदलने का काम किया है। हिसार एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री शुभारंभ करने के लिए 14 अप्रैल को हिसार में पहुंच रहे हैं, वह दिन हरियाणा प्रदेश के लिए ऐतिहासिक होने वाला है। इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। जैसे ही एयरपोर्ट शुरू हो जाएगा इस प्रदेश के लिए अनेक रोजगार के अवसर खुलेंगे जो कि विकास के मामले में मिल का पत्थर भी साबित होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू कर दी हैं। आज प्रदेश में युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के राजगार मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है। हर कार्यकर्ता पूरे अनुशासन के साथ पार्टी को दिन. रात मेहनत करके मजबूत करने का काम कर रहा है।

---

## गर्मी से बचाव के लिए एहतियात बरतें: डीसी

- नागरिक लू से बचाव के लिए एडवाइजरी की करें अनुपालना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति।

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी प्रीति ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने के बाद उसके इलाज से बेहतर है कि हम लू लगने से बचे रहें। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। इसके साथ ही सभी विभाग भी गर्मी व हीट वेव के बचाव के लिए पूरी तैयारियां रखें और आमजन के साथ साथ पशुओं को भी हीट वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें डीसी प्रीति ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। डीसी ने कहा कि नंगे पांव बाहर न जाएं।

**वृद्ध व कमजोर व्यक्तियों का रखें विशेष ध्यान**

डीसी प्रीति ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। इसके साथ ही अपने जानवरों का भी लू से बचाव करें। उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे। यदि आपके पास कुता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं। किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

---

**दो दिन के रिमांड पर आरोपी**

## लिंक भेजकर साइबर धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** साइबर ठगी का आरोपी थाना साइबर क्राइम पुलिस गिरफ्त में।

क्रेडिट कार्ड के प्वाइंट रिडीम करवाने के नाम पर लिंक भेजकर साइबर ठगी मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई नरेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी प्रगति विहार छपरौला जिला गौतम बुध नगर यूपी निवासी मोहित कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव रामथली निवासी पवन कुमार की शिकायत अनुसार 23 जुलाई 2024 को मोबाइल पर अज्ञात का कॉल आया। कॉल करने वाले ने झांसा देकर कहा कि वह बैंक से बात कर रहा है। उसने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड पर कुछ रिवार्ड पॉइंट बने हुए हैं। अगर इन पॉइंट को रिडीम करना चाहते हैं तो आपको एक वेबसाइट का लिंक भेजा जा रहा है। इस पर जाकर अपने कार्ड की डिटेल भरनी होगी। उसने वेबसाइट पर क्लिक किया तो वहां पर एक एप्लीकेशन डाउनलोड करने को कहा गया। उसने अपने मोबाइल में एप डाउनलोड कर ली। कुछ समय बाद उसके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में 57 हजार 110 रुपये कट गए। जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया। आरोपी का मंगलवार को न्यायालय से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

---



चयनित टीम के साथ खंड स्तर पर योग ओलम्पियाड 2025 के लिए चुने गए विद्यार्थी।

### योग ओलंपियाड के चयन के लिए योग प्रतियोगिता आयोजित

गुहला-चीका । राजकीय माडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका के प्रांगण में खण्ड स्तरीय योग ओलम्पियाड 2025 का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य मेधाव्रत ने बताया कि उक्त आयोजन में गुहला ब्लाक के सभी मिडल व सीनियर सेकेण्डरी विद्यालयों के चयनित छात्रों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। बताया कि कार्यक्रम के दौरान डीपी देवेंद्र सिंह, पीटी महताब सिंह व नछतर सिंह ने निर्णायक भूमिका निभाई। परिणाम इस प्रकार रहेः उन्होंने बताया कि लड़कियों में अगौंध कलस्टर से गुरजोत, गुहला से साईमन, भूना से जसनप्रीत व मान्शी का चयन किया गया। इसी तरह लड़कों में अगौंध कलस्टर से ईस्माइल, भूना से भारत एवं लखविन्द्र सिंह और गगडपुर से शौकिन का चयन किया गया। लड़कियों में गुहला कलस्टर से सेन रोणक व पीडल से मनीषा व स्वीटी तथा अगौन्ध से मुस्काय का चयन किया गया। गुहला कलस्टर से ही लड़कों में सोनू, मन्नत तथा अगौन्ध से देव व मन्नत का चयन किया गया। इस अवसर पर देवराज शास्त्री, भारत भूषण, इन्द्रावती, बलविन्द्र सिंह व सुनील आदि भी मौजूद रहे।

---

## पुलिस कर्मियों-अधिकारियों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता बारे जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** मास्टर ट्रेनर फस्ट एड कैथल डॉक्टर अंजु शर्मा पुलिस कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देते तथा डीएसपी के साथ उपस्थित कर्मचारी।

मंगलवार को पुलिस लाइन कैथल में आयोजित सेमिनार में नेशनल मास्टर ट्रेनर फस्ट एड कैथल की डॉक्टर अंजु शर्मा ने पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता बारे व्यापक जानकारी देकर जागरूक किया गया। सेमिनार के दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश तथा महिला पुलिस कर्मचारियों व डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मचारियों सहित 75 सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान डाक्टर अंजु द्वारा सीपीआर, हार्ट अटैक, ब्लीडिंग, फ्रैक्चर, बेहोशी, चोकिंग जैसी आपातकालीन स्थितियों में रोगियों को प्राथमिक उपचार कैसे किया जाता है, इस पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। इस दौरान दिखाया कि कैसे आपातकालीन मामलों का अच्छी तरह से ध्यान रखा जाता है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा इस कार्यक्रम को आयोजित करने का हमारा मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताना था। बहुत से हादसों में समय पर फस्ट एड व डाक्टरी सुविधा न मिलने के कारण अधिक नुकसान हो जाता है। परंतु हादसों के शिकार घायलों को यदि समय पर प्राथमिक सहायता मिल जाए तो उनके दुख दर्द को कम किया जा सकता है। प्राथमिक चिकित्सा के ज्ञान से उन्हें अधिक सतर्क रहने में मदद मिलेगी, खुद को और अपने आस-पास के लोगों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

---



**राजौंद।** खंड स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता के दौरान।

### खंड स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन

**राजौंद।** पीएम श्री स्कूल गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में खंड स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें खंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया तथा योग का प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा वर्ग 6 से 8 तक लड़कियों में प्रथम स्थान अनुष्का तृतीय स्थान तनीषा एवं तृतीय स्थान पायल पीएम श्री स्कूल गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद की लड़कियों ने प्राप्त किया। इसी तरह से कक्षा वर्ग 6 से 8 तक लड़कों में प्रथम स्थान सोनू गवर्नमेंट हाई स्कूल नंदकरण माजरा द्वितीय स्थान रोहित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटडा एवं तृतीय स्थान अंश गवर्नमेंट मॉडल स्कूल राजौंद ने प्राप्त किया। इसी तरह से कक्षा वर्ग 9 - 10 लड़कियों में प्रथम स्थान नव्या द्वितीय स्थान सविता एवं तृतीय स्थान प्रिया पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद की लड़कियों ने प्राप्त किया। इसी तरह से 9से 10 कक्षा वर्ग लड़कों में प्रथम स्थान दीपक द्वितीय स्थान कार्तिक एवं तृतीय स्थान जतिन मॉडल संस्कृति स्कूल राजौंद के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता के निर्णायक प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा सोहन पाल राणा एवं पीटीआई संतोष , स्कूल प्रिंसिपल अजय कुमार मलिक ने बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

**कार्यक्रम** | **अध्यापकों को दिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण**

## आज के विद्यार्थी ही कल के देश का भविष्य : एसके खन्ना

**कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रदीप चहल ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** प्रशिक्षकों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

न्यू लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल कसान में तीन दिवसीय अध्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सभी अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रदीप चहल ने किया। कार्यशाला में अंबाला से विषय विशेषज्ञ एसके खन्ना तथा सीबीएसइ के नियमानुसार आर्यन स्कूल से दिनेश शर्मा ने अध्यापकों को विभिन्न तरह का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को स्ट्रेस मैनेजमेंट, लर्निंग प्रिंसिपल थ्रू एनपी तथा लिटरेसी फाइनेंशियल का प्रशिक्षण दिया गया। एसके खन्ना ने बताया कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी स्ट्रेस का शिकार है। यदि विद्यार्थी स्ट्रेस में रहेंगे तो वह पढ़ाई के प्रति अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने एक अच्छा अध्यापक होने के साथ-साथ उसे मनोवैज्ञानिक भी होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यदि अध्यापक मनोवैज्ञानिक ढंग से बच्चों के बारे में जानकार होगा तो ही वह विद्यार्थी को सही तरह से मार्गदर्शन करते उसे अच्छे परिणाम हासिल कर सकता है। इसी प्रकार से दिनेश कुमार ने बताया कि अध्यापक को प्रशिक्षण के विभिन्न प्रकार की विधियों का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी काफी एडवांस हैं इसलिए उसके साथ-साथ अध्यापकों को भी अपने आप को अपग्रेड करना अनिवार्य है। उन्होंने आइटी से जुडना होगा। खन्ना ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल का देश का भविष्य है। यदि विद्यार्थियों की नहीं मजबूत होगी तो वह देश में प्रदेश के विकास में सहयोग कर पाएंगे तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन कर पाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल-खेल में या रोचक तथ्य से ढंग से पढ़ने के लिए विभिन्न तरह के विधियां सिखाई। अध्यापकों द्वारा बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों का आभार जताया गया। उन्होंने कहा कि यह उनके प्रशिक्षण में कारगर साबित होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध निदेशक वीरेंद्र अंग्रेज सिंह तथा प्रधानाचार्य नंदलाल द्वारा मास्टर ट्रेनरों को समृद्धि चीन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र, अंग्रेज सिंह, प्रधानाचार्य नंद लाल, प्रशिक्षण समन्वयक बिट्टू देवी, डिंपल आदि उपस्थित थे।

---

## नपा चेयरपर्सन बबली गोस्वामी ने लिया प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद

- पुंडरिक तीर्थ स्थित श्री राम मंदिर परिसर में चल रही कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**कैथल।** राकेश गोस्वामी को स्मृति चिह्न भेंट करते ।

पुंडरिक तीर्थ स्थित श्री राम मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा का आज गरिमामय समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। इस पावन अवसर पर पूंडरी नगरपालिका की चेयरपर्सन बबली गोस्वामी पत्नी राकेश गोस्वामी ने मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीराम का दर्शन किया, पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया। बब्ली गोस्वामी ने कथा समापन के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा प्रभु श्रीराम का चरित्र हमें जीवन में सत्य, धर्म और कर्तव्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। मैं कामना करती हूं कि भगवान श्रीराम की कृपा सभी श्रद्धालुओं और नगरवासियों पर सदैव बनी रहे। इस अवसर पर कथा वाचक पू'य आचार्य संतोष त्रिपाठी महाराज व आयोजकों ने चेयरपर्सन व उनके पति राकेश गोस्वामी को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बृज भूषण बंसल, प्रधान राजबीर सैनी, सचिव कृष्ण सैनी, रवि शास्त्री, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, अश्विनी कौशिक, जोगिंद्र शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा समापन के उपरांत भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

## सरकार और जिला प्रशासन के आदेशों को दिखा रहे ठेंगा

# सीएससी सेंटर संचालकों की लूट, आधार कार्ड अपडेट करने की एवज में वसूल रहे 100 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

नपा कार्यालय में निजी एजेंसी द्वारा संचालित आधार कार्ड केंद्र में नन्हें-मुन्नें बच्चों के साथ आईडी अपडेट के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आधार पंजीकरण के निर्धारित नियमों को ताक पर रखकर निःशुल्क सेवा देने की बजाय आवेदकों 100 रुपये फीस वसूली जा रही है। वार्ड 3 निवासी कृष्ण दहिया ने बताया कि वे अपने छह वर्षीय बेटे कार्तिक के आधार कार्ड को अपडेट करवाने पहुंचे थे। उससे 100 रुपये वसूले गए। जबकि नियमानुसार 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 तक की आयु के बच्चों का क्रमशः दो बार बायो मैट्रिक आधार निःशुल्क अपडेट करने के आदेश हैं। जबकि अन्य आयु वर्ग के लिए 100 रुपये फीस का प्रावधान है।



- सीएससी संचालक ने जारी की 100 रुपये वसूलने की रसीद
- नगर पालिका सचिव ने एजेंसी संचालक से मांगा जवाब

### पीड़ित ने नगर पालिका सचिव से की कार्रवाई करने की मांग

कृष्ण ने बताया क हैरानी का विषय है कि पारदर्शिता कायम करने के लिए पोर्टल व्यवस्था की शुरूआत सरकार द्वारा की गई है। समझ नहीं आ रहा कि आखिरकार संचालक किस ढंग से नियमों को बाईपास कर आवेदकों से फीस वसूल रहे हैं। बच्चों के आधार कार्ड अपटेड करने के नाम पर नियमों के खिलाफ फीस वसूली पर रोक लगाने के लिए पार्षदों ने नगर पालिका सचिव पवन शर्मा से संज्ञान लेने का सुझाव दिया। पार्षदों ने कहा कि नगर पालिका में प्रतिदिन बढ़ी संख्या में बच्चों के आधार कार्ड को परिवार के लोग अपडेट करवाने पहुंचते हैं। इस मायने से मोटा चूना नागरिकों को लग रहा है। इस पर अंकुश लगाने को बिना देरी के आधार कार्ड केंद्र के बाहर नियम चस्पा किए जाएं। साथ ही नगर पालिका प्रशासन इस पर निगरानी रखे।कलायत नगर पालिका परिसर में स्थित आधार कार्ड केंद्र की कार्यप्रणाली पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। समाज सेवी संगठनों और आम लोगों का कहना है कि केंद्र में कर्मी मर्जी से आते-जाते हैं। इसके चलते आवेदकों व उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए लोग विशेष निगरानी विंग गठित करते हुए आधार कार्ड केंद्र पर नजर रखने की मांग कर रहे हैं।

### आधार कार्ड संचालक एजेंसी से मांगा गया है जवाबः सचिव

नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि बच्चों के आधार कार्ड अपडेट के नाम पर 100 रुपए फीस की रसीद जारी करने का मामला सामने आया है। आधार कार्ड संचालक एजेंसी से जवाब मांगा गया है। लिखित जवाब प्राप्त होने के उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी। किसी से नगारिक से यदि निशुल्क सेवाओं के नाम पर कोई फीस वसूलता है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। शिकायत मिलने पर जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप




### स्कूलों में नामांकन बढ़ाने को शिक्षक संघ ने चलाया अभियान

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने जिला प्रधान रामफल दयोहरा की अगुवाई और जिला सचिव अमरनाथ किठानिया के संचालन में जिले के स्कूलों में स्कूलों से नामांकन अभियान सातवें दिन भी जारी रखा। आज तितरम,देवबन, सारण, खेड़ी शेरू , प्योदा ,राजौंद व गुहला ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, सचिव अमरनाथ किठानिया,वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सहसचिव शमशेर कालिया व जिला उपप्रधान सावित्री देवी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के ढांचे को हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन देकर, अपने पैसों से भवन बनाकर इस उम्मीद से खड़ा किया था कि आने वाली पीढ़ी इनमें शिक्षा ग्रहण करेगी और सरकारी रोजगार प्राप्त करने के साथ बेहतर समाज का निर्माण करेंगी। बनावटी चकाचौंद व दिखावे के चलते अविभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेज रहे हैं, जबकि प्रशिक्षित शिक्षक व सुविधा होते हुए भी पिछड़ रहे हैं।

### पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन का विरोध जारी

**सफीदों ।** आल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन की सफीदों की गेट मीटिंग संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान पंकज भाटिया तथा संचालन यूनिट सचिव रविंद्र सैनी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव धर्मबीर भंभेवा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अधीक्षक अभियंता जींद द्वारा उनसे बातचीत करने गई सर्कल कमेटी के साथ जो नकारात्मक रवैया अपनाया गया। उससे सगंठन की गरीमा को ठेस पहुंची है। अधीक्षक अभियंता कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की बजाए कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे हैं और उनके द्वारा सरकार द्वारा बनाई गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की लगातार धजिया उड़ाई जा रही है।

### राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी में संशोधन

**जींद ।** कार्यवाहक डीसी विवेक आर्य ने बताया कि नशीले पदार्थों की रोकथाम की धारा 50 के तहत जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिले में तैनात राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी में संशोधन किया गया है। उपमंडल जींद और जुलाना में सोमवार से गुरुवार तक ईटीओ एसटी सुवर्त शर्मा को ड्यूटी अधिकारी लगाए है। ईटीओ एसटी राकेश डागर रिजर्व अधिकारी होंगे। शुक्रवार से रविवार तक नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ ड्यूटी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे और तहसीलदार शालिनी लाठर, रिजर्व अधिकारी रहेंगी। नरवाना में सोमवार से गुरुवार तक एईटीओ आबकारी देवेंद्र सिंह, ड्यूटी अधिकारी होंगे। एईटीओ डीईटीसी एसटी राजदीप भाटिया रिजर्व अधिकारी रहेंगे। शुक्रवार से रविवार तक ड्यूटी अधिकारी के रूप में उचाना के नायब तहसीलदार सुरेश कुमार रहेंगे, तहसीलदार उचाना निखिल सिंगला रिजर्व रहेंगे।

## आरटीए टीम की जांच में हुआ खुलासा, जिले में 793 बसों की हुई चेंकिंग

# 58 बसों में नहीं मिला फायर सिस्टम दो का नहीं मिला फिटनस सर्टिफिकेट

- नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रही स्कूली बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्कूली बच्चों का सफर कैसे सुरक्षित होगा। शहर की सड़कों पर नियमों को ताक पर रख कर स्कूली वाहन दौड़ रहे हैं। फिर भी अभिभावक भी आगे नही आ रहे हैं। स्कूल बसों के हादसे लगातार हो रहे हैं। सोमवार को डाहौला में बस चालक की लापरवाही से नर्सरी कक्षा के चार वर्षीय छात्र की मौत हो गई। ऐसे में बच्चों का सफर सुरक्षित कैसे हो सकता है। जिले के निजी स्कूलों की बसें नियमों के अनुसार नहीं दौड़ रही है। जिला की 58 स्कूल बसें ऐसी मिली हैं, जिनमें फायर सिस्टम नहीं है। यह खुलासा आरटीए (डीटीओ) की टीम की जांच में हुआ है। यदि बस में आग की घटना हो जाए तो फायर सिस्टम बिना आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सरकार की सख्ती के बाद भी निजी स्कूल संचालक बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते आरटीए की टीम ने जनवरी महीने में चलाए चेकिंग अभियान में 230 बसों की फिटनेस जांच की थी। उनमें दो बसों की फिटनेस नहीं मिली। 18 बसों में फायर सिस्टम नहीं मिला।



6 स्कूल बस की चपेट में आए मृतक बच्चे के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

### 192 स्कूल बसों के काटे चालान

सहायक डीटीओ आनंद बेनीवाल ने बताया कि पिछले तीन महीनों में निजी स्कूल बसों की फिटनेस को जांचने का काम किया गया है। उनमें खामी मिलने पर 192 बसों के चालान भी किए गए थे। इसके अलावा 58 बसों में फायर सिस्टम भी नहीं थे।

### बीमा भी नहीं मिला

तीन बसों का इंश्योरेंस नहीं था जबकि छह बिना टैक्स के चलती मिली। इसके अलावा फरवरी महीने में 323 बसों की जांच की गई। इनमें 11 बसों में सीसी टीवी कैमरे नहीं लगे मिले वहीं 21 बसों में फायर सिस्टम नहीं था। इनके अलावा मार्च महीने में 240 स्कूल बसें की फिटनेस जांची गई। इनमें 19 बसें ऐसी मिली, जिनमें फायर सिस्टम नहीं था। हालांकि टीम ने चेकिंग के दौरान 192 बसों के चालान भी किए गए थे।

### अक्सर मिलती हैं यह शिकायतें

अधिकांश स्कूली बसों में बच्चों को ठूंस-ठूंसकर कर भरा जाता है। स्कूल बस के लिए निर्धारित गति सीमा 40 किलोमीटर प्रतिघंटा है लेकिन सडक़ों पर इनको 50 से भी ज्यादा गति से दौड़ाया जाता है। बसों की खिड़कियों में शीशे के साथ जाली नहीं लगी होती लेकिन अगले शीशे को छोड़ सभी शीशों पर जाली लगी होनी चाहिए। बसों में रफ्तार डिवाइस यंत्र भी नहीं मिलता। वाहनों में आग बुझाने के यंत्र नहीं लगे हैं। बस के दरवाजे में मजबूत लॉक का होना जरूरी हैए जोकि नहीं लगे होते हैं। कई स्कूल की बसों का रंग भी पीला नहीं होता। कई बसों में कर्कश हॉर्न लगे होते हैंए जो बच्चों को परेशान करते हैं।

### सोमवार को बस का टायर फटने से हुआ था हादसा

जिले में हुए थे दो बड़े हादसे गत 28 मार्च 2025 को नगूरां में निजी स्कूल की बस का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इस हादसे में पांच बच्चों और चार महिला टीचरों को चोट आई थी। स्कूल द्वारा यह बस नियमों को ताक पर रख कर चल रही थी। स्कूल वैन में सात यात्रियों की क्षमता थी लेकिन घटना के समय 14 बच्चे और स्टाफ सदस्य सवार थे। वैन में परिचालक भी नहीं था और आगे वाली सीट पर भी बच्चे बैठे थे। वहीं नरवाना क्षेत्र के सुंदरपुरा गांव के पास अगस्त 2024 में अनियंत्रित होकर स्कूल वैन पलट गई थी। इस हादसे में गनीमत यह रही थी कि बच्चों को हल्की चोटें आई थी। इस सकूल वैन में 6-7 बच्चे सवार थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए थे। जिनको उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया था।

### ऐसे उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां

बसों को निर्धारित की बजाय ज्यादा गति से दौड़ाया जाता है। रास्ता खुला हो या संकीर्ण वाहनों को ओवरटेक किया जाता है। बेहद कम चालक ही सीट बेल्ट का प्रयोग करते हैं। स्कूल बसों में अक्सर क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठाया जाता है।



**कैथल।** की अनाज मंडी में गेहूं खरीद करते खरीद एजेंसियों के अधिकारी।

## कैथल अनाज मंडीः पहले दिन 2800 क्विंटल गेहूं की खरीद

- पिछले पांच दिन से मंडी में लगातार हो रही गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सरकारी खरीद के निर्धारित समय के एक सप्ताह बाद गेहूं खरीद को लेकर किसानों का इंतजार खत्म हुआ। पिछले करीब पांच दिन से लगातार हो रही गेहूं की आवक के बाद मंगलवार को नमी कम मिलने पर सरकारी खरीद का कार्य नियमित रुप से शुरू हो गया। जिले की मंडियों में मंगलवार शाम तक करीब तीन हजार क्विंटल की आवक हुई है। इसमें इसमें से 2800 क्विंटल गेहूं खरीदी गई।

चार अप्रैल के बाद से ही मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो गई थी, लेकिन नमी अधिक होने के कारण इसकी खरीद का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। हालांकि अभी इस समय गेहूं में अधिक नमी होने पर आढ़ती किसानों से मंडी में गेहूं न लाने की अपील कर रहे हैं, क्योंकि सरकार के नियमों के तहत 12 या इससे कम प्रतिशत नमी वाली गेहूं की सरकारी खरीद की जाती है। वहीं, अभी कई मंडियों में गेहूं की फसल की अधिकतर ढेरियों 15 से 18 प्रतिशत नमी आ रही है।

### सभी व्यवस्थाएं पूरी

मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र ढुल ने कहा कि मंगलवार को करीब एक सप्ताह बाद सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। मंडी में सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। किसानों, आढ़तियों व मजदूरों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वहीं खरीद के लिए एजेंसी को बारदाना, लेबर सहित ट्रांसपोर्ट व्यवस्था सुचारू रखने के भी निर्देश दिए जा चुके हैं। अब तक करीब 2800 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है।

# मरणोपरांत पूंडरी की बाला सैनी ने किया अपने शरीर का दान

- मंगलवार को स्वर्गवास होने पर उनके शरीर को कल्पना चावला मेडिकल कालेज को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में समाजसेवा और मानवता की एक मिसाल पेश करते हुए एक महिला ने मरणोपरांत अपने शरीर का दान किया। 58 वर्षीय बाला सैनी पूंडरी-पाई रोड निवासी समाजसेवी कृष्ण सैनी की पत्नी थीं ने अपने जीवनकाल में ही यह संकल्प लिया था कि उनके देहांत के बाद उनका शरीर मेडिकल शोध और जरूरतमंदों के लिए दान किया जाएगा। मंगलवार को ह्रदय गति रुकने से उनका निधन हो गया, जिसके बाद परिवार ने उनकी अंतिम इच्छा पूरी करते हुए शरीरदान की प्रक्रिया को पूरा किया। पति कृष्ण सैनी ने बताया कि शरीर को जला देने से केवल एक मुट्ठी राख मिलती है, लेकिन शरीर दान करने से किसी को नई रोशनी, किसी को नया अंग और मेडिकल कॉलेज के छात्रों को रिसर्च करने का अवसर मिलता है। यही सच्चा मानव धर्म है।

परिवार ने शरीर दान के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवा रखा है। बाला देवी के निधन के बाद परिवार ने आशियाना आश्रम की अनु मैदान को सूचना दी। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की डॉ. राजकुमार अरोड़ा के नेतृत्व में एम्बुलेंस सहित पूंडरी पहुंची।



**कैथल।** स्व. बाला सैनी के शरीर को ले जाती कल्पना चावला करनाल की टीम।

# विद्यार्थियों ने सीखे सुलेखन के नए गुर

## कैलीग्राफी कार्यशाला का किया गया आयोजन

- राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखां में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में क्लास रेडीनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैलीग्राफी की एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि इस कार्यशाला में पूर्व सैनिक व कैलीग्राफी विशेषज्ञ ओमप्रकाश सिवाच? ने विद्यार्थियों को सुलेखन की विविध विधियाँ सिखाईं। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने ओमप्रकाश सिवाच का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में ओम प्रकाश सिवाच ने बताया किए कैलीग्राफी केवल सुंदर लेखन नहींए बल्कि ध्यानए धैर्य और आत्म.अनुशासन का भी माध्यम है।उन्होंने छात्रों को विभिन्न कैलीग्राफी स्टाइल्सए ब्रश टेक्निक्स और अक्षरों की सौंदर्यता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यशाला में भाग लिया और सुलेखन की बारीकियों को सीखने में रुचि दिखाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं अभ्यास कर अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेए ताकि विद्यार्थियों को किताबों के अलावा भी कुछ नया सीखने का अवसर मिले। इस अवसर पर गणित प्राध्यापक सुनील कुमारए हरदीपए दिलबागए रामधन एसुरेंद्र प्राध्यापिका पूनम कटारिया राजबालाए किरणए अध्यापक विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



**नरवाना।** बच्चों द्वारा लिखा गया सुलेख।

**व्यवस्था** अधिकारियों के लिए भी फील्ड में जाकर निरीक्षण का टारगेट निर्धारित

## जांच के साथ रिपोर्ट बना कर निपुण मिशन की मेंटर व मॉनिटर एप पर करेंगे अपलोड

# प्राथमिक स्कूलों में छात्रों के शैक्षणिक, बौद्धिक स्तर और परीक्षा परिणाम में सुधार की कवायद

- जीपीएस ऑन करने पर ही शुरू होगा एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक स्तर और परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए अब अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इसमें शिक्षा अधिकारी अध्यापकों को पढ़ाने के तरीके, बच्चों का बौद्धिक स्तर पठन शैली आदि की जांच करने के साथ ही इसकी रिपोर्ट बना कर निपुण मिशन की मेंटर व मॉनिटर एप पर अपलोड करेंगे। निरीक्षक को यह रिपोर्ट विद्यालय के रजिस्टर में भी दर्ज करनी होगी। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने इस संबंध में डाइट प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी ने पत्र जारी किया है। अधिकारियों को महीने में एक बार विद्यालयों के निरीक्षण के लिए लक्ष्य दिया गया है। विद्यालय पहुंचते ही निरीक्षक को एप पर सेल्फी लेनी होगी। यह एप बिना जीपीएस ऑन किए शुरू नहीं होगा। जब तक अध्यापक विद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे तब तक यह एप काम नही करेगा। विद्यालय में पहुंच सेल्फी लेते ही एप का समय शुरू हो जाएगा। निरीक्षण में अध्यापकों की अध्यापन शैली, बच्चों की पठन शैली, पढने की गति, कक्षा के वातावरण और सुविधाओं का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षक को एक कक्षा में 90 मिनट निरीक्षण करना होगा। निरीक्षक कक्षा में शिक्षक के बच्चों को पढ़ाने की तरीके देखेंगे। एबीआरसी व बीआरपी को पहली से तीसरी कक्षा में छह स्कूलों में 15 कक्षा, एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर को पांच स्कूल में दस कक्षा विजिट करनी होगी। इसके अलावा डाइट प्रिंसिपल और फैकल्टी को चौथी से पांचवीं कक्षा के एक स्कूल की दो कक्षा, छठी से आठवीं कक्षा के दो स्कूलों की छह कक्षाओं की विजिट करनी है। इसके अलावा सक्षम सहयोगी की ओर से चौथी और पांचवीं कक्षा के एक स्कूल और दो कक्षाए छठी से आठवीं कक्षा के दो स्कूल और छह कक्षा विजिट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा एबीआरसी और बीआरपी ने चौथी और पांचवीं कक्षा के दो स्कूलों की चार कक्षा और छठी से आठवीं कक्षा के दो स्कूलों की छह कक्षाएं विजिट करनी होगी।




**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### कमियों का दूर करने का होगा प्रयास

एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा और उनकी कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षा अधिकारी जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में निरीक्षण करेंगे। विद्यालय पहुंचते ही निरीक्षक को एप पर सेल्फी लेनी होगी। यह एप बिना जीपीएस ऑन किए शुरू नहीं होगा।



**जींद।** बाल विवाह रूकवाती टीम।

### कालवा गांव में नाबालिग बालिका वधु बनने से बची

**जींद।** बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की सर्तकता से कालवा गांव में एक बालिका को वधु बनने से बचाया। टीम ने बाल विवाह की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए चेताया। बाल विवाह अधिनियम की जानकारी भी दी। जिस पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि अब वह बालिग होने पर ही विवाह करेंगे। बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता को गांव कालवा में एक नाबालिग लड़की की शादी करवाने की जानकारी मिली। बारात रोहतक के गांव नांदल से आने वाली है। इस पर कार्रवाई करते हुए रवि लोहान, हवलदार ओमप्रकाश, महिला सिपाही रीना, नीलम, दीपक के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार वालों से लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों ने पहले तो टाल मटोल करने की कोशिश की और लड़की की उम्र पूरी होने की बात कही लेकिन जब उनको कार्यालय में बुलाया गया तो लगभग तीन घंटे के बाद जो सबूत दिखाए गए। जिसमें लड़की की उम्र मात्र 15 वर्ष पाई गई और शादी होने वाले दूल्हे की उम्र 31 वर्ष मिली । दूल्हे व दुल्हन की उम्र में करीब 16 वर्ष का अंतर मिला । परिजनों ने बताया कि लड़की के पिता गुजर चुके हैं और मां अनपढ़ है और उन्हें किसी कानून की कोई जानकारी नही है। इसलिए वह गलती से ऐसा कर रहे थे। इस पर परिजनों को समझाया गया कि आपकी लडक़ी नाबालिग है, इसलिए आप उसके बालिग होने तक का इंतजार करें ताकि कोई कानूनी अड़चन न आए। इसके बावजूद भी अगर आप नाबालिग लडक़ी की शादी की तो सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी।